अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर (छत्तीसगढ़)
टाटीबंध, जी.ई.रोड,
रायपुर ४९२०९९ (छत्तीसगढ़)

आरोग्यम् सुख सम्पदा

एम.बी.बी.एस.प्रथम प्रोफेशनल – २०१७ सत्र के लिए सीट आवंटन प्राप्त विद्यार्थियों हेतु निर्देश

1. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम – २०१७ सत्र के लिए सीट आवंटित सभी विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु दिनांक **१६.०८.२०१७** को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, टाटीबंध, जी.ई.रोड, रायपुर, ४९२०९९ (छत्तीसगढ़) में अनिवार्यतः उपस्थित होकर निम्न औपचारिकताएं पूर्ण करनी होगीः
   - अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर द्वारा गठित चिकित्सकीय बोर्ड से **चिकित्सकीय जांच** कराना होगा ।
   - निर्धारित **शुल्क** (५८५६/–, रूपये पांच हजार आठ सौ छप्पन मात्र) नकद/ड्राफ्ट/कार्ड द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में जमा करना होगा ।
   - सभी विद्यार्थी प्रवेश हेतु निम्नलिखित मूल दस्तावेज अपने साथ लाऍं :
     - ✓ **(१०+२)** या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र जिसमेंः
       - परीक्षा में लिया गया **विषय** प्रदर्शित होना चाहिए ।
       - अंग्रेजी, भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान के अंक मिलाकर कुल **६० प्रतिशत या उससे अधिक** हासिल किया हो, (अनुसूचित जाति/जनजाति/शारीरिक रूप से दिव्यांग (अस्थि) के लिए ५० प्रतिशत) ।
     - ✓ बोर्ड द्वारा जारी सेकण्डरी/हायर सेकण्डरी परीक्षा प्रमाण पत्र जिसमें **जन्मतिथि** अंकित हो ।
     - ✓ **प्रवजन** प्रमाण पत्र – जिस विश्वविद्यालय/बोर्ड से आखिरी परीक्षा उत्तीर्ण की हो ।
     - ✓ **अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शारीरिक रूप से दिव्यांग (अस्थि) प्रमाण पत्र** – परीक्षा विवरण–पुस्तिका में निर्धारित प्रारूप अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ।
     - ✓ विद्यार्थी एवं अभिभावक द्वारा रैगिंग संबंधी **वचन पत्र** (संस्था की वेबसाइट – http://aiimsraipur.edu.in/StudentDownloads.aspx में उपलब्ध प्रारूप अनुसार)
     - ✓ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा जारी **आवंटन पर्ची** ।
     - ✓ एम.बी.बी.एस. प्रवेश परीक्षा.–२०१७ हेतु जारी **प्रवेश पत्र** ।
     - ✓ विद्यार्थी के चार पासपोर्ट साइज **फोटो** ।
2. विद्यार्थियों को सभी मूल दस्तावेजों की एक स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रवेश प्रक्रिया के समय जमा करना होगा ।
3. प्रवेश की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु सामान्यतः एक दिन से ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए ।

नियमित कक्षाएं दिनांक १७.०८.२०१७ से प्रारंभ होगी ।

4. प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताएं, जो कि विद्यार्थियों द्वारा पालन किया जाना आवश्यक है, संस्था की वेबसाइट (http://aiimsraipur.edu.in) पर भी अपलोड किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को नियत तिथि तक उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण न करने पर उनकी सीट निरस्त की जा सकती है एवं तदनुसार रिक्त सीट की जानकारी प्रवेश समिति को भेज दी जाएगी।